# SSC GD 2024

## DATE : 23-02-2024

### (SHIFT- 11:30 am to 12:30 pm)

14

**PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति**

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में, तीन कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतत होते हों, निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन :

I. कुछ रेलगाड़ियाँ, कार हैं।

II. कुछ कार, ट्रक हैं।

III. कुछ ट्रक, जहाज हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ रेलगाड़ियाँ, जहाज हैं।

II. कुछ जहाज, कार नहीं हैं।

(1) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसार करता है

(2) केवल निष्कर्ष II अनुसार करता है

(3) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते है

(4) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**2.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'POLISH' को 'FSGLMP' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PRAISE' को कैसे लिखा जाएगा?


(1) CSGAPP (2) CGSAPP


(3) CSGPAP (4) CSGAPO



**3.** पाँच मित्र P, B, C, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। H, C के ठीक दाईं ओर बैठा है। B, H के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। P, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है?

(1) B (2) P (3) C (4) G

**4.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**5.** सात लड़कियाँ P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र के बाहर की ओर मुख करके बैठी हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बेठी हो)। P, Q और R दोनों के निकटतम पड़ोसी है। S न तो R और न ही T की निकटतम पड़ोसी है। V, T और U दोनों की निकटतम पड़ोसी है। V, S के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठी है। S के ठीक बाईं ओर कौन बैठी है?

(1) U (2) V (3) Q (4) P

**6.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों का चयन कीजिए।

TGX : SFW :: BOR : ?

(1) SUY (2) ZXY

(3) ANQ (4) NMN

**7.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'IDC' को '216' लिखा जाता है, 'JBH' और को '320' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'GOF' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) 1260 (2) 1180

(3) 1290 (4) 1200


**8.** निम्नलिखित में से अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाईं से दाईं ओर रखे जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?



xy_yzxyyyzxyy_zxyyyz_yyy_


(1) yyxz (2) yzyy

(3) yxyx (4) zzyy

**9.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे दी गई आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**10.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. HEIGHT
2. HINGE
3. HORSE
4. HATE
5. HUSTLE


(1) 4, 1, 2, 3, 5

(2) 4, 1, 2, 5, 3

(3) 4, 3, 2, 1, 5

(4) 4, 5, 3, 2, 1

**11.** नीचे एक पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। '1' वाले फलक के विपरीत फलक पर निम्नलिखित विकल्पों में से क्या आएगा?



(1) 4 (2) 5

(3) 3 (4) 6

**12.** नीचे एक ही पासे की तीन स्थितियाँ दी गई हैं। 'D' वाले फलक के विपरीत फलक पर निम्नलिखित विकल्पों में से क्या आएगा?



(1) B (2) F (3) A (4) C

**13.** यदि 8 R 4 S 3 T 2 = 31 और 19 R 11 S 30 T 8 = 187, तो 6 R 3 S 8 T 5 = ?

(1) 15 (2) 18

(3) 20 (4) 21

**14.** निम्नलिखित में कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

52, 49, 45, 40, 34, 27, ?

(1) 18 (2) 19

(3) 17 (4) 15

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

H, I, L, Q, X, ?

(1) C (2) G


(3) E (4) A


**16.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवें शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा शब्द तीसरे शब्द से संबंधित है और दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।
अनानास : फल : स्प्राइट : पेय :: एवोकाडो : ?
(1) सब्जी (2) मिठाई
(3) फल (4) अनाज

**17.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।
104, 126, 148, 170, 192,
(1) 213 (2) 214
(3) 210 (4) 21

**18.** एक लड़के की ओर इशारा करते हुए, सुनीता ने कहा, ''वह मेरे पति की बेटी की बहन का बेटा है''। उस लड़के के पिता का सुनीता से क्या संबंध है?
(1) बेटी का पति (2) बेटा
(3) भाई (4) बेटी का बेट

**19.** यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिंब होगी




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**20.** दिए गए विकल्पों में से किन दो चिह्नों को आपस में बदलने पर निम्नलिखित समीकरण सही होगा?
5 – 2 ÷ 4 + 9 × 3 = 0
(1) – और ÷ (2) × और ÷
(3) = और × (4) + और –

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** मौर्य साम्राज्य का अंतिम शासक निम्नलिखित में से कौन था?
(1) अशोक (2) चन्द्रगुप्त मौर्य
(3) बृहद्रथ (4) बिंदुसार

**22.** द्वितीय एंग्लो-बर्मी युद्ध किस वर्ष लड़ा गया था?
(1) 1552 (2) 1652
(3) 1752 (4) 1852

**23.** सरकार के व्यय के वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
I. राजस्व व्यय केंद्र सरकार की भौतिक या वित्तीय संपत्तियों के निर्माण के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया व्यय है।
II. पूंजीगत व्यय के परिणामस्वरूप भौतिक या वित्तीय परिसंपत्तियों का निर्माण होता है या वित्तीय देनदारियों में कमी आती है।
(1) I और II दोनों
(2) न तो I और न ही II
(3) केवल II
(4) केवल I

**24.** भारतीय खिलाड़ी शेफाली वर्मा निम्नलिखित में से कौन-सा खेल खेलती हैं?
(1) बैडमिंटन (2) क्रिकेट
(3) वॉलीबॉल (4) हॉकी

**25.** निम्नलिखित में से कोन-सा नृत्य कर्नाटक में कुरुबा पुरुषों द्वारा किया जाता है?
(1) छउ (2) फुगड़ी
(3) बागरुम्बा (4) डोल्लू कुनिठा

**26.** 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य की जनसंख्या वृद्धि सबसे अधिक है?
(1) बिहार (2) मेघालय
(3) मध्यप्रदेश (4) उत्तरप्रदेश

**27.** द्रव बहते हैं और आकृति बदलते हैं, वे दृढ़ नहीं होते हैं और इसलिए उन्हें भी कहा जाता है।
(1) मिश्रण (2) तरल
(3) विलयन (4) तरलीकृत

**28.** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में सर्वोच्च न्यायालय को अभिलेख न्यायालय के रूप में वर्णित किया गया है?
(1) अनुच्छेद 125 (2) अनुच्छेद 127
(3) अनुच्छेद 129 (4) अनुच्छेद 12

**29.** निम्नलिखित में से किस देश ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप (Sultan of Johor Cup), 2023 की मेजबानी की?
(1) मलेशिया (2) भारत
(3) कंबोडिया (4) सिंगापुर

**30.** तीव्र आर्थिक विकास के कारण निम्नलिखित में से किस वर्ष से भारत की अत्यधिक गरीबी में कमी आने लगी?
(1) 1994 (2) 1993
(3) 1991 (4) 1992

**31.** भारत में 2010 राष्ट्रमंडल खेल ____ में आयोजित किए गए थे।
(1) लखनऊ (2) नई दिल्ली
(3) चंडीगढ़ (4) मुंबई

**32.** किस भारतीय नृत्य कलाकार ने स्ट्रिंग कठपुतली (String puppetry) के लिए 2018 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीता?
(1) अनुपमा होस्केरे
(2) सुरूपा सेन
(3) तपन कुमार पट्टनायक
(4) डॉ. अरुणा मोहंती

**33.** ____ की अवधारणा तत्कालीन सोवियत समाजवादी गणराज्य संघ (USSR) के संविधान से ली गई है।
(1) प्रस्तावना
(2) मौलिक कर्तव्य और मौलिक अधिकार दोनों
(3) मौलिक कर्तव्य
(4) मौलिक अधिका

**34.** रण उत्सव, ____ के अद्भुत क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और अन्य प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देता है। सर्दियों के मौसम में पूर्णिमा की रात के दौरान, सफेद रेत का रेगिस्तान और भी मनमोहक लगता है।
(1) कच्छ (2) अंडमान
(3) मालाबार (4) ओडिशा

**35.** भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ली?
(1) किरण रिजिजू
(2) यू.यू. ललित
(3) डी.वाई. चंद्रचूड़
(4) कपिल सिब्ब

**36.** निम्नलिखित में से कोन ताल वाद्ययंत्र तबला बजाने के लिए प्रसिद्ध हैं?
(1) बिस्मिल्लाह खान
(2) अली अहमद हुसेन
(3) अल्ला रक्खा
(4) अयोध्या प्रसाद

**37.** डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक (Digital Personal Data Protection Bill), 2023 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
I. यह विधेयक भारत में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के उस प्रसंस्करण पर लागू होगा जो डेटा को ऑनलाइन या ऑफलाइन एकत्रित करके डिजिटलीकृत करता है।
II. यह भारत के बाहर ऐसे प्रसंस्करण पर भी लागू होगा, जो भारत में वस्तुएं या सेवाएं प्रदान करने के लिए हों।
(1) केवल I
(2) I और II दोनों
(3) केवल I
(4) न तो I और न ही II

**38.** बजट 2023-24 में भारत सरकार ने कितनी प्राथमिकताएं अपनाई हैं?
(1) पांच (2) नौ
(3) छः (4) सात

**39.** बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिए विकास दर लक्ष्य _____ था।
(1) 6% (2) 7% (3) 5% (4) 8%

**40.** स्वतंत्रता के समय, देश की लगभग _____ प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर थी।
(1) 75 (2) 40
(3) 20 (4) 90

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** 72000 रुपए के मूलधन पर 3 वर्ष के लिए 16 प्रतिशत वार्षिक की दर से चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) कितना होगा?
(1) 42248.64 रुपए
(2) 40384.51 रुपए
(3) 38245.22 रुपए
(4) 36574.31 रुपए

**42.** एक निश्चित दूरी, एक निश्चित चाल से तय की जाती है। यदि इस दूरी की दोगुनी दूरी छः गुना समय में तय की जाती है, तो दोनों चालों का अनुपात ज्ञात कीजिए।
(1) 2:1 (2) 3:1
(3) 3:4 (4) 4:5

**43.** यदि P, Q से 15 प्रतिशत कम है, तो Q, P से कितने प्रतिशत अधिक है?
(1) 17.64 प्रतिशत (2) 15.46 प्रतिशत
(3) 16.64 प्रतिशत (4) 18.44 प्रतिशत

**44.** तीन संख्याओं X, Y और Z का औसत 54 है। X, Y और Z के औसत से 10 अधिक है। Y,Y और Z के औसत से 12 अधिक है। X और Z के बीच का अंतर कितना है?
(1) 26 (2) 22
(3) 18 (4) 24

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 8 से विभाज्य नहीं है?
(1) 5896 (2) 6044
(3) 6032 (4) 4596

**46.** एक विक्रेता अपने माल को क्रय मूल्य से 40% अधिक मूल्य पर अंकित करता है। यदि वह 30% की छूट देता है, तो हानि प्रतिशत कितना है?
(1) 2.5% (2) 2%
(3) 3% (4) 1.5%

**47.** यदि 24, 28, 27, 23, D और E का औसत 29 है, तो D और E का औसत क्या है?
(1) 35 (2) 36
(3) 37 (4) 38

**48.** $14 - 3 \times (5 + 2) \div 4$ का मूल्यांकन कीजिए।
(1) 5.72 (2) 11.36
(3) 8.75 (4) 6.29

**49.** गौरव, शंभू से चार गुना अधिक कुशल है। गौरव को एक को काम पूरा करने में शंभू से 67.5 दिन कम लगते हैं। यदि वे दोनों एक साथ मिलकर काम करते है, तो वही काम कितने दिनों में पूरा होगा?
(1) 25 दिन (2) 55 दिन
(3) 18 दिन (4) 90 दिन

**50.** एक परीक्षा में नवीन को 21 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और वह 25 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। यदि उसे 46 प्रतिशत अंक मिलते हैं, तो वह 5 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है। परीक्षा के अधिकतम अंक कितने है?
(1) 100 (2) 60
(3) 80 (4) 12

**51.** विक्रय मूल्य और क्रय मूल्य का अनुपात 7:11 है। हानि प्रतिशत कितना है?
(1) 33.33 प्रतिशत (2) 36.36 प्रतिशत
(3) 35.08 प्रतिशत (4) 27.58 प्रतिशत

**52.** साधारण ब्याज पर एक निश्चित धनराशि 2. 5 वर्ष में 1060 रुपए और 1 वर्ष में 1000 रुपए हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर कितनी है?
(1) 5.28 प्रतिशत (2) 6.28 प्रतिशत
(3) 5.45 प्रतिशत (4) 4.17 प्रतिशत

**53.** अंकित मूल्य का 1/4, विक्रय मूल्य के 2/3 के बराबर है। छूट प्रतिशत कितना है
(1) 65 प्रतिशत (2) 62.5 प्रतिशत
(3) 60 प्रतिशत (4) 50 प्रतिशत

**54.** $11\frac{1}{2}+12\frac{1}{2}+13\frac{1}{2}+14\frac{1}{2}$ का मान कितना है?
(1) 49 (2) 52 (3) 57 (4) 50

**55.** एक समचतुर्भुज के विकर्ण क्रमशः 10 सेमी और 30 सेमी हैं। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल कितना है?
(1) 100 सेमी (2) 105 सेमी
(3) 75 सेमी (4) 150 सेमी

**56.** अविनाश, बिपिन से ग्यारह गुना तेजी से एक मशीन बना सकता है और मशीन बनाने में उसे बिपिन से 100 दिन कम का समय लगता है। अविनाश और बिपिन अकेले अकेले तौर पर कितने दिनों में मशीन बना सकते हैं?
(1) 20 और 120 दिन
(2) 10 और 110 दिन
(3) 15 और 105 दिन
(4) 15 और 115 दिन

**57.** 17600 रुपए को राजा, राम और मोहन के बीच क्रमशः 6:7:9 के अनुपात में बांटा जाता है। इसमें मोहन का हिस्सा कितना है?
(1) 4000 रुपए (2) 4800 रुपए
(3) 5600 रुपए (4) 7200 रुपए

**58.** 120 लीटर के एक मिश्रण में पानी और दूध का अनुपात क्रमशः 5:7 है। मिश्रण में पानी और दूध का अनुपात क्रमशः 1:1 करने के लिए मिश्रण में कितना पानी मिलाना होगा?
(1) 10 लीटर (2) 25 लीटर
(3) 15 लीटर (4) 20 लीटर

**59.** पंकज ने दो बाइक खरीदीं, पहली बाइक 24000 रुपए में और दूसरी बाइक 20000 रुपए में। उसने पहली बाइक को 20 प्रतिशत के लाभ पर और दूसरी बाइक को 30 प्रतिशत की हानि पर बेचा। कुल लाभ या हानि क्या है?
(1) लाभ = 1400 रुपए
(2) हानि = 1400 रुपए
(3) हानि = 1200 रुपए
(4) लाभ = 1200 रुपए

**60.** $0.\overline{5}+0.\overline{3}$ का मान क्या है?
(1) $\frac{7}{9}$ (2) $\frac{3}{4}$
(3) $\frac{8}{9}$ (4) $\frac{2}{3}$

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** The sentence has been divided into three parts, identify the segment which contains a spelling error in the sentence given below. Choose no error if there is no error in the sentence.
The college relied on the patronege of its wealthy graduates/ to expand its funds.
(1) no error
(2) patronege of its wealthy graduates
(3) The college relied on the
(4) to expand its funds.

**62.** Select the most appropriate antonym of the given word.
Abscond
(1) Guilty (2) Tarnish
(3) Appear (4) Clear Out

**63.** Identify the segment that contains a grammatical error. If there is no error, select 'No error'.

Wopsle had gone farthest, / and had better stop in his reckless career/while there was yet time.

(1) and had better stop in his reckless career
(2) Wopsle had gone farthest,
(3) while there was yet time.
(4) No error

**64.** Select the most appropriate synonym of the given word.
Lewis asked (tactlessly), as he did not know that the motive was.

(1) Civilly
(2) Bluntly
(3) Blissfully
(4) Ignorantly

**65.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom Phrase.
To come into the open

(1) To leave the work
(2) To accept the challenge
(3) To become public or evident
(4) To open new business

**66.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'. I am looking forward to meet you at the conference tomorrow.

(1) I am looking forward
(2) to meet you
(3) at the conference tomorrow.
(4) No error

**67.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
_____ useful gadgets should find a home in every kitchen.

(1) There (2) These
(3) This (4) They

**68.** Choose the idiom/phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully.
I can't stand **a passenger in a car who gives unwanted advice to the driver,** like my mother-in-law.

(1) Backseat driver
(2) Up in arms
(3) Tongue And Cheek
(4) Make No Bones About

**69.** Select the most appropriate antonym of the given word.
Passable

(1) Middling (2) Inadequate
(3) Particular (4) Lavish

**70.** Fill in the blank with the most appropriate option.
Who am I and ____ am I? A nobody, not wanted by any one, nor of use to anybody.

(1) why (2) whom
(3) what (4) when

**71.** Choose the word that is opposite in meaning to the given word.
Craving

(1) Alarm
(2) Satisfaction
(3) Pining
(4) Palate

**72.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement as an answer if the sentence is grammatically correct.
I <u>asleep in and</u> missed the bus!

(1) No improvement
(2) sleeps in and
(3) sleep in or
(4) slept in and

**73.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
The experiences gained by the Americans in the Civil War helped to conferm this preconception.

(1) preconception
(2) experiences
(3) conferm
(4) gained

**74.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
Even as a boy Alexander <u>has fearless</u> and strong.

(1) is fearlessly
(2) was fearless
(3) No improvement
(4) were fearless

**75.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'. Some kinds of health crises does have political consequences.

(1) crises does have
(2) political consequences.
(3) Some kinds of health
(4) No error

**Direction (Q.Nos. 76-80) :** Read the passage carefully and select the correct answer for the given blanks out of the four alternatives.

Natural disasters are (1) ____ by natural processes and are not always affected by the human consequences. However, the vulnerability of any region is always affected by non-engineered structures. Thus, there is a need to (2) ____ the proper mitigation strategies by adopting scientific and engineering solutions to reduce the associated risks.

A Seismic Microzonation study is important (3) ____ it helps to generate inputs for constructing earthquake risk resilient buildings/ infrastructures/dwellings to reduce and mitigate the (4) ____ of earthquake shaking and for minimizing the damages to structures and loss of lives for (5) ____ urban planning.

**76.** Select the most appropriate option for blank (1)

(1) called
(2) intrigued
(3) wearied
(4) triggered

**77.** Select the most appropriate option for blank (2)

(1) intel (2) halt
(3) fabricate (4) devise

**78.** Select the most appropriate option for blank (3)

(1) or (2) so
(3) that (4) as

**79.** Select the most appropriate option for blank (4)

(1) noise
(2) impacts
(3) face
(4) clashes

**80.** Select the most appropriate option for blank (5)

(1) safest
(2) safer
(3) safety
(4) safely

## PART (D) : हिन्दी

**61.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
भारत के सन्तों, फकीरों तथा साहित्यकारों ने सदा साम्प्रदायिक एकता का संदेश तथा _____ दिया है।
(1) उपदेश (2) भाषण
(3) परदेश (4) विदेश

**62.** दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
नगर में रहने वाला
(1) नागरिक (2) नगरवधू
(3) लहरी (4) नोक

**63.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का उचित अर्थ वाला है।
तिनके का सहारा
(1) प्रभाव जमाना
(2) अड्चन डालना
(3) बहुत थक जाना
(4) थोड़ी-सी मदद

**64.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
एक गाय दो घोड़ें और एक बकरी मैदान में हरी घास पर चर रहे हैं।
(1) और एक बकरी
(2) एक गाय दो घोड़ें
(3) पर चर रहे हैं।
(4) मैदान में हरी घास

**65.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।
मैंने हाल ही में जो कहानी पढ़ी है उसकी _____ बहुत ही अच्छी हैं।
(1) सजावट (2) लेखिका
(3) गढ़ाई (4) पाठिका

**66.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
अध्यापक को यह पाठ <u>लिखत</u> में चाहिए।
(1) लिखित (2) लिखीत
(3) लीखित (4) लीखी

**67.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
कल से ही मेरे (कान) ______ में तेज दर्द हो रहा है।
(1) चचु (2) कर्म
(3) कर्ण (4) कर

**68.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
मेरे परिवार में बहुत से (पराक्रमी) _____ लोग रहते हैं।
(1) ओझल (2) ओजस्वी
(3) ओछा (4) ओका

**69.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
मेरी माताजी का (चेहरा) _____ बहुत ही सुंदर है।
(1) आनन (2) कानन
(3) अंचल (4) वंट

**70.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
कमल एक <u>होशियार</u> व्यक्ति है।
(1) बुद्धिहीन (2) कर्मठ
(3) स्वतंत्र (4) बुद्धिमान

**71.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।
बासी बचे न कुत्ता खाय
(1) छोटे का बड़े से बढ़ जाना
(2) जरूरत के अनुसार ही सामान बनाना
(3) एक न एक दिन अच्छे दिन आ ही जाते हैं
(4) रक्षक का भक्षक हो जान

**72.** दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।
(1) इस समसया का समाधान निकालना पड़ेगा।
(2) प्रदूषण वातावरण को दुषित करता है।
(3) धरती को सूरक्षित रखना जरूरी है।
(4) प्रकृति स्वभाव से प्राणियों की सहचरी रही है।

**73.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।
खबर सुनकर <u>मैं</u> <u>विस्मय</u> हो गया।
(1) खबर सुनकर हम विस्मय हो गया।
(2) खबर सुनकर मैं विस्मित हो गया।
(3) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(4) खबर सुनकर तुम विस्मिय हो गया।

**74.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।
<u>उलूक</u> रात को ही जागता है।
(1) ऊन
(2) चिड़िया
(3) उल्लू
(4) उज्जव

**75.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
सोहन <u>कायर</u> की तरह भाग गया।
(1) चतुर
(2) पतन
(3) वीर
(4) विवेक

**निर्देश ( प्र.सं. 76-80 ) :** नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-

धार्मिक व्यवस्था में ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहाँ अत्यंत विषम (1) _____ में भी मानवता पर आधारित (2) _____ लिए गए हैं। भारतीय इतिहास में अनेक (3) _____ हैं कि युद्ध की स्थिति में भी सेना ने (4) _____ भावना और (5) _____ का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**76.** रिक्त 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) परिस्थितियों
(2) संवेदना
(3) अवस्था
(4) आलोंकिक

**77.** रिक्त 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) निर्णय
(2) उदाहरण
(3) संघर्ष
(4) जीव

**78.** रिक्त 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) संघर्ष
(2) अवस्था
(3) दावत
(4) उदाहरण

**79.** रिक्त 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) विकास
(2) संदर्भ
(3) जीवन
(4) मानवीय

**80.** रिक्त 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) मुदूदा
(2) प्रारंभ
(3) नैतिकता
(4) उचित

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (1) | 2. (1) | 3. (2) | 4. (4) | 5. (3) | 6. (3) | 7. (1) | 8. (1) | 9. (3) | 10. (1) |
| 11. (2) | 12. (2) | 13. (1) | 14. (2) | 15. (2) | 16. (3) | 17. (2) | 18. (1) | 19. (3) | 20. (2) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (3) | 22. (4) | 23. (1) | 24. (2) | 25. (4) | 26. (2) | 27. (2) | 28. (3) | 29. (1) | 30. (3) |
| 31. (2) | 32. (1) | 33. (3) | 34. (1) | 35. (3) | 36. (3) | 37. (2) | 38. (4) | 39. (4) | 40. (1) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (2) | 42. (2) | 43. (1) | 44. (2) | 45. (2) | 46. (2) | 47. (2) | 48. (3) | 49. (3) | 50. (3) |
| 51. (2) | 52. (4) | 53. (2) | 54. (2) | 55. (4) | 56. (2) | 57. (4) | 58. (4) | 59. (3) | 60. (3) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (2) | 62. (3) | 63. (2) | 64. (2) | 65. (3) | 66. (2) | 67. (2) | 68. (1) | 69. (2) | 70. (3) |
| 71. (2) | 72. (4) | 73. (3) | 74. (2) | 75. (1) | 76. (4) | 77. (4) | 78. (4) | 79. (2) | 80. (2) |


### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (1) | 62. (1) | 63. (4) | 64. (3) | 65. (2) | 66. (1) | 67. (3) | 68. (2) | 69. (1) | 70. (1) |
| 71. (2) | 72. (4) | 73. (2) | 74. (3) | 75. (3) | 76. (1) | 77. (1) | 78. (4) | 79. (4) | 80. (3) |


## उत्तर सहित व्याख्या

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति


**1. (1)**





**2. (1)**




इसी प्रकार





**3. (2)**




H के ठीक दाई ओर P बैठा है।

**4. (4)**

**5. (3)**




S के ठीक बाई ओर Q बैठी है।

**6. (3)** T G X → (−1) → S F W

इसी प्रकार

B O R → (−1) → **A N Q**

**7. (1)** IDC — (9 × 4 × 3) × 2 = 216

JBH — (10×2×8) × 2 = 320

इसी प्रकार

GOF — (7×15×6)×2 = 1260

**8. (1)** x y **y** y z x y y y z x y y **y** z x y y y z **x** y y y **z**

**9. (3)**

**10. (1)**

**11. (2)** 2 — 4, 1 Opp. 4 ⇔ 3

2 — 3, 5 1 ⇔ 5

**12. (2)** A — F, B Opp. F ⇔ D

A — D, E B ⇔ E

**13. (1)** R = ×, S = –, T = +

8 R 4 S 3 T 2 = 31

8 × 4 – 3 + 2 = 31

32 – 1 = 31

31 = 31

---

19 R 11 S 30 T 8 = 187

19 × 11 – 30 + 8 = 187

209 – 22 = 187

187 = 187

---

6 R 3 S 8 T 5 = **15**

6 × 3 – 8 + 5 = 15

18 – 3 = 15

15 = 15

**14. (2)** 52, 49, 45, 40, 34, 27, **19**

–3 –4 –5 –6 –7 –8

–1 –1 –1 –1 –1

**15. (2)** H, I, L, Q, X, **G**

+1 +3 +5 +7 +9


+2 +2 +2 +2

**16. (3)**

**17. (2)** 104, 126, 148, 170, 192, **214**

22 22 22 22 22

**18. (1)**




**19. (3)**

**20. (2)** विकल्प की सहायता से

5 – 2 ÷ 4 + 9 × 3 = 0

× और ÷ को आपस में बदलने पर

5 – 2 × 4 + 9 ÷ 3 = 0

5 – 8 + 3 = 0

0 = 0

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (3)** मौर्य वंश की स्थापना (322-297 ई.पू.) 322 ई.पू. में चन्द्रगुप्त मौर्य ने किया था और अंतिम शासक बृहद्रथ था, जिसका शासनकाल 185 ई.पू. था।

**22. (4)** द्वितीय एंग्लो-बर्मा युद्ध (1852-1853 ई.) यह युद्ध ब्रिटिश भारत एवं बर्मा (म्यांमार) के मध्य हुआ था। इसके कारण ब्रिटिश व्यापारिक लाभ को खतरा एवं सीमा विवाद ने युद्ध का कारण बना। परिणाम बर्मा की पराजय, जिसमें अदन, रंगून और अन्य कई क्षेत्रों को अंग्रेजों ने हड़प कर लिया।

**23. (1)**

**24. (2)** शेफाली वर्मा भारत की युवा महिला क्रिकेटर हैं। इन्होंने हरियाणा घरेलू क्रिकेट से अपने कैरियर की शुरूआत किया तथा सितंबर 2017 में पहला अन्तर्राष्ट्रीय एक दिवसीय क्रिकेट मैच खेला।

**25. (4)** **नृत्य - राज्य**

छऊ - ओडिसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल

फुगड़ी - गोवा

बाथुरुम्बा - असम

डोल्लू कुनिथा - कर्नाटक

**26. (2)** **राज्य - जनसंख्या वृद्धि दर**

बिहार - 25.1%

मेघालय - 27.5%

मध्य प्रदेश - 20.3%

उत्तर प्रदेश - 20.1%

**27. (2)** अन्तराअणुक बल के कारण ठोस, ठोस, तरल, तरल और गैस, गैस होते हैं। अर्थात् दो अणुओं के बीच लगने वाला बन अन्तराअणुक बल (Inter Molecules Force) कहलाता है। अन्तराअणुक बल पर निर्भर करता है कि द्रव्य की कौन सी अवस्था होगी।

**28. (3)** अनुच्छेद 125– न्यायाधीशों के वेतन एवं भत्तों से संबंधित है (सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट दोनों)

अनुच्छेद 123 – राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने का अधिकार

अनुच्छेद 127 – सुप्रीम कोर्ट में अस्थायी न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है।

अनुच्छेद 129 – सुप्रीम कोर्ट को 'कोर्ट ऑफ रिकार्ड' रखने का अधिकार है।

**29. (1)** सुल्तान ऑफ जोहोर कप-2023– इसका आयोजन 4 से 13 अक्टूबर 2023 को मलेशिया में किया गया। यह प्रतिष्ठित अण्डर-21 पुरूष हॉकी टूर्नामेण्ट विभिन्न देशों के टीमों के बीच आयोजित किया गया। जिसमें भारत आस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन, मलेशिया और जापान शामिल थे।

**30. (3)** 1991 में उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण के पश्चात भारत में विकास दर में उछाल देखने को मिला। क्योंकि सरकार के साथ अब निजी भागीदारी में इजाफा हुआ।

**31. (2)** कामनवेल्थ गेम्स का आयोजन भारत में दो बार आयोजित किये गये। पहला आयोजन 1934 लाहौर में आजादी पूर्व जबकि दूसरा 2010 नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

**32. (1)** अनुपमा होस्केटे बंगलूरू की एक प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना और कठपुतली कलाकार हैं। वह धातु नामक एक सांस्कृतिक संगठन की सह संस्थापक हैं। जो पारम्परिक भारतीय कठपुतली कला को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इसलिए इन्हे 2018 में संगीत नाटक सम्मान से सम्मानित किया गया।

**33. (3)**

| तथ्य | स्रोत |
| --- | --- |
| प्रस्तावना - | अमेरिका |
| मौलिक कर्त्तव्य - | सोवियत संघ |
| मौलिक अधिकार - | अमेरिका |

**34. (1)** रण-उत्सव इसे व्हाइट डेजर्ट भी कहा जाता है। गुजरात के कच्छ जिले में हर साल आयोजित होने वाला एक पर्व है। यह रंगारंग त्योहार क्षेत्र की समृद्धि संस्कृति, कला और पम्पराओं को प्रदर्शित करता है। यह आमतौर पर तीन से चार दिनों तक चलता हे। जिसमें ऊँट की सवारी, लोकनृत्य और शिल्प कला प्रदर्शन शामिल होते है।

**35. (3)** 48वें - मुख्य न्यायाधीश - एन.वी. रमन्ना

49वें - मुख्य न्यायाधीश - यू.यू.ललित

50वें - मुख्य न्यायाधीश - डी.वाई. चन्द्रचूड़

**36. (3)** बिस्मिल्लाह खान - शहनाई

अली अहमद हुसैन - गजल गायक

अल्ला रखा - तबला वादक

अयोध्या प्रसाद - राजनीतिज्ञ

**37. (2)**

**38. (4)** 2023-24 की सात प्रमुख प्राथमिकताएँ–

समावेशी विकास, अन्तिम मील तक पहुचना, इन्फ्रास्ट्रक्चर और निवेश, संभावनाओं को अनलॉक करना, हरित वृद्धि, युवा शक्ति एवं वित्तीय क्षेत्र आदि है।

**39. (4)**

**40. (1)** स्वतंत्रता के समय देश की लगभग 75 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर थी, किन्तु वर्तमान में लगभग 55% जनसंख्या कृषि पर निर्भर है।

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (2)** प्रश्नानुसार

$72000 \times \frac{116}{100} \times \frac{116}{100} \times \frac{116}{100}$

= 112384.512

CI = 112384.512 – 72000

= 40384.512

**42. (2)** मान लो दूरी $x$ है और समय $t$

प्रश्नानुसार,

$S_1 = \frac{x}{t}$ और $S_2 = \frac{2x}{6t} = \frac{x}{3t}$

$\therefore S_1 : S_2$

$\frac{x}{t} : \frac{x}{3t} \Rightarrow 1 : \frac{1}{3}$

$\Rightarrow 3 : 1$

**43. (1)** P : Q

85 : 100

प्रश्नानुसार

$\frac{15}{85} \times 100 = 17.64\%$

**44. (2)** $x + y + z = 54 \times 3 = 162$

$x = \left(\frac{y+z}{2}\right) + 10$

$y = \left(\frac{y+z}{2}\right) + 12$

$x + y = \frac{y+z}{2} + \frac{y+z}{2} + 22$

$x + y = 22$

$x + y = y + z + 22$

$x - z = 22$

**45. (2)** विकल्प की सहायता से

8 के विभाज्यता के नियम ⇒ अंतिम तीन संख्याएं 8 से विभाज्य है, तो वह संख्या 8 से विभाज्य होगा

**46. (2)** माना क्रयमूल्य = 100

अंकित मूल्य = 140

30% छूट देने के बाद =

$140 \times \frac{70}{100} = 98$

हानि प्रतिशत = 2%

**47. (2)** 24 + 28 + 27 + 23 + D + E = 29 × 6

D + E = 174 – 102

D + E = 72

$\frac{D+E}{2} = 36$

**48. (3)** 14 – 3 × (5 + 2) ÷ 4

$\Rightarrow 14 - \frac{21}{4}$

⇒ 14 – 5.25 = 8.75

**49. (3)** गौरव : शंभू

4 : 1 — क्षमता

1 : 4 — समय (अंतर=3)

×22.5 ↓ ↓ ×22.5

22.5  67.5

∴ कुल कार्य= 22.5 × 4 = 90

∴ मिलकर करेंगे = $\frac{90}{4+1} = \frac{90}{5}$

= 18

**50. (3)** प्रश्नानुसार

21% + 25 = 46% + 5

25% = 20

100% = 20 × 4 = 80

**51. (2)** विक्रय मूल्य : क्रय मूल्य

7 : 11

हानि 4

हानि प्रतिशत = $\frac{4}{11} \times 100$

= 36.36%

**52. (4)** प्रश्नानुसार

2.5 वर्ष —— 1060

1 वर्ष —— 1000

1.5 वर्ष —— 60

1 वर्ष —— 40

दर % = $\frac{40}{960} \times 100 = 4.17\%$

**53. (2)** प्रश्नानुसार

$MP \times \frac{1}{4} = SP \times \frac{2}{3}$

MP : SP = 8 : 3

छूट = 5

छूट % = $\frac{5}{8} \times 100 = 62.5\%$

**54. (2)** $11\frac{1}{2} + 12\frac{1}{2} + 13\frac{1}{2} + 14\frac{1}{2}$

$\Rightarrow (11 + 12 + 13 + 14) + \frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

⇒ 50 + 2 = 52

**55. (4)** समचतुर्भुज का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} d_1 \times d_2$

$= \frac{1}{2} \times 10 \times 30$

= 150 सेमी.$^2$

**56. (2)** अविनाश : बिपिन

क्षमता —— 11 : 1

समय —— 1 : 11

10

10 units = 100

1 units = 10

11 units = 110

**57. (4)** मोहन का हिस्सा

$= \frac{9}{22} \times 17600 = 7200$

**58. (4)** मिश्रण में पानी की मात्रा

$= \frac{5}{12} \times 120 = 50$ लीटर

मिश्रण में दूध की मात्रा

$= \frac{7}{12} \times 120 = 70$ लीटर

प्रश्नानुसार

$\frac{50 + x}{70} = 1$

$x = 20$ लीटर

**59. (3)** पहली बाइक का क्रयमूल्य = 24000

पहली बाइक पर लाभ

$= 24000 \times \frac{20}{100} = 4800$

दूसरी बाइक का क्रयमूल्य = 20000

दूसरी बाइक पर हानि

$= 20000 \times \frac{30}{100} = 6000$

कुल हानि = 6000 – 4800 = 1200

**60. (3)** $0.\overline{5} + 0.\overline{3}$

$= \frac{5}{9} + \frac{3}{9} = \frac{8}{9}$

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.(2)** The correct spelling is **patronage**: the support given by a patron (पैसे या संसाधनों द्वारा सहायता देना)

**62.(3)** "abscond" means to leave hurriedly and secretly, typically to avoid detection or arrest (भाग जाना, छिपना), while **Appear:** means to come into sight or become visible (दिखना)

**Guilty:** refers to the state of having committed an offense or crime (दोषी)

**Tarnish:** means to damage or ruin the purity or luster of something (धुंधला करना)

**Clear Out:** means to remove or get rid of (खाली करना)

**63.(2)** Using **"farthest"** implies physical distance, which doesn't fit the context of reckless behavior. So, we have to use **"too far"** when referring to going beyond an acceptable or safe limit, whether in actions, behavior, or metaphorical terms. In the sentence, **"Wopsle had gone too far"** indicates that his reckless behavior has crossed a boundary, and he needs to stop before it's too late.

**64.(2)** "tactlessly" means without sensitivity or consideration, often in a direct or harsh way (बिना सोचे समझे), similarly **Bluntly:** means speaking in a direct, straightforward, lacking tact and often harsh manner (स्पष्ट रूप से)

**Civilly:** means politely (सभ्यता से)

**Blissfully:** means happily or with great joy (आनंदपूर्वक)

**Ignorantly:** This means lacking knowledge or awareness (अनजान होना)

**65.(3)** "**To come into the open**" means to make something known or reveal something that was previously hidden or secret (सार्वजनिक या स्पष्ट होना).

**66.(2)** **"looking forward to"** is always followed by a gerund (verb + ing), so the correct form should be **"meeting"** instead of **"meet."**

**67.(2)** **These**: is correct because it refers to gadgets in the plural form (ये).

**There**: indicates location and doesn't fit the context (वहां).

**This**: is used for singular nouns, but gadgets are plural (यह).

**68.(1)** "**Backseat driver**" refers to someone who gives unwanted advice, especially while someone else is doing something, such as driving a car (हिंदी में अर्थ: ऐसा व्यक्ति जो बिना मांगे सलाह देता है, खासकर जब कोई और कुछ कर रहा हो, जैसे कार चला रहा हो).

**69.(2)** "passable" means acceptable or satisfactory (संतोषजनक), while **Inadequate**: means not sufficient or lacking (अपर्याप्त).

**Middling**: means average or moderate (मध्यम).

**Particular**: means specific or distinct

**Lavish**: means extravagant or luxurious (लुभावना)."

**70.(3)** **"What"** is the most appropriate word to fill in the blank, as it asks for further clarification about the speaker's identity or nature.

The first "who" refers to the speaker's identity.

The second blank requires a word that can replace the subject "I" and continue the question about identity.

**71.(2)** "craving" refers to a strong desire or longing for something (इच्छा, लालसा), while **Satisfaction**: means contentment or fulfillment (संतोष)

**Pining**: means a deep longing or yearning (तड़पना).

**Alarm**: This means a state of fear or anxiety (चेतावनी).

**72.(4)** "asleep" is an adjective and does not function as a verb here. The correct past tense verb form is "**slept**," which indicates that the action of sleeping occurred in the past.

"**slept in**" means "to sleep longer than usual or intended" (ज्यादा देर तक सोना)

**73. (3)** The correct spelling is **confirm** (पुष्टि करना).

**Preconception**: This means an idea or opinion formed before having the evidence (पूर्वाग्रह) and is spelled correctly.

**Experiences**: refers to the knowledge or skills gained through involvement in events or activities (अनुभव) and is spelled correctly.

**Gained**: means to obtain or secure something (प्राप्त किया) and is spelled correctly.

**74. (2)** The sentence is describing Alexander in the past, so the verb should also be in the past tense. for the singular subject "Alexander", "**Was**" is the correct past tense form of the verb.

**75. (1)** "Crises" is plural, so the verb should be "do" instead of "does." The correct phrase should be **"crises do have"** (संकट होते है).

**76. (4)** "triggered" (उत्पन्न) refers to something that causes a natural process to occur, like earthquakes or floods. It suits the context of natural disasters that are initiated or set off by natural events.

**Called** (कहा गया): Means something named or referred to

**Intrigued** (जिज्ञासु किया): Refers to curiosity or interest,

**Wearied** (थका हुआ): Means tired or exhausted

**77. (4)** "Devise" (विकसित करना) means to plan or create something with careful thought. The sentence talks about the need to come up with mitigation strategies.

**Intel** (सूचना): Refers to information

**Halt** (रोकना): Means to stop something

**Fabricate** (बनाना): Means to make or construct physically

**78. (4)** "as" (क्योंकि) is used to show the reason or cause. The sentence explains why the study is important.

**Or** (या): Offers an alternative, which is incorrect in this cause-and-effect situation.

**So** (इसलिए): Implies a result

**79. (2)** "Impacts" (प्रभाव) refers to the effects or consequences of something, like the shaking caused by an earthquake.

**Clashes** (झड़प): Means conflicts

**80. (2)** "Safer" (सुरक्षित) is used to describe something being more protected or secure.

## PART (D) : हिन्दी

**61. (1)** वाक्यांश को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प (1) होगा।

**62. (1)** 'नगर में रहने वाले' को एक शब्द में 'नागरिक' कह सकते है।

**63. (4)** 'मुहावरा - डूबते कों तीनके का सहारा काफी है। यानी इसका अर्थ है - बुरे समय में किसी द्वारा की गई थोडी सी मदद भी काफी होती है।

**64. (3)** विकल्प (3) में सही वाक्य होगा– 'चर रहे हैं'। घास पर चरना गलत हो जाएगा।

**65. (2)**

**66. (1)** सही वर्तनी 'लिखित' होगा।

**67. (3)** 'कान' तद्भव शब्द है इसका तत्सम 'कर्ण' होगा।

**68. (2)** पराक्रम का अन्य पर्यायवाची शब्द है– शक्ति, बल, ओजस्वी, पुरुषार्थ, उद्योग, ताकत बहादुरी, वीरता, इत्यादि है।

**69. (1)** 'चेहरा' का अन्य पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित हैं– मुख, मुखड़ा, शक्ल, मुखमंडल, और आनन इत्यादि।

**70. (1)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| होशियार | – | बुद्धिहीन |
| कर्मठ | – | निठल्ला |
| स्वतंत्र | – | परतंत्र |
| बुद्धिमान | – | मुर्ख |

**71. (2)** 'बासी बचे ना कुत्ता खाय' लोकोक्ति का अर्थ है– 'जरूरत के अनुसार ही सामान बनाना' यानि ज्यादा नहीं बनेगा तो खाना बचेगा नही और कुत्ते को खिलाना नही पड़ेगा। यानी बासी खाना तो ज्यादातर कुत्ते को ही खिला दिया जाता है।

**72. (4)** विकल्प (4) शुद्ध वाक्य है। अन्य का शुद्ध रूप होगा–

(1) इस समस्या का समाधान निकालना पड़ेगा।

(2) प्रदूषण वातावरण को दुषित करता है।

(3) धरती को सुरक्षित रखना जरूरी है।

**73. (2)**

**74. (3)** 'उलूक' तत्सम शब्द है जो संस्कृत रूप में है इसका तद्भव 'उल्लू' होता है।

**75. (3)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| कायर | – | वीर |
| चतुर | – | मूर्ख |
| पतन | – | उत्थान |
| विवेक | – | अविवेक |

